मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-214
22/04/2021

जमीअत–ए–उलेमा बिहार–झारखण्ड के महासचिव हुस्न अहमद कादरी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 22 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जमीअत–ए–उलेमा (बिहार–झारखण्ड) के महासचिव हुस्न अहमद कादरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि हुस्न अहमद कादरी साहब के इन्तकाल की खबर से बहुत दुखी हूँ। उन्होंने कहा कि हुस्न अहमद साहब जमीयत–ए–उलमा बिहार–झारखण्ड के महासचिव एवं मशहूर समाजसेवी थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि वे उन्हें जन्नत में आला मकाम अता करें और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

******